दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 230
मुरादाबाद
(Friday)
12 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पूर्व राष्ट्रपति की जयंती पर राष्ट्रपति, PM समेत देश ने किया याद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके साथ ही कहा कि संविधान की उनकी गहन समझ ने सार्वजनिक पदों पर उनके कार्यकाल को परिभाषित किया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके साथ ही कहा कि संविधान की उनकी गहन समझ ने सार्वजनिक पदों पर उनके कार्यकाल को परिभाषित किया।पूर्व राष्ट्रपति हमें प्रेरित करते रहेंगे- अमित शाह- उन्होंने एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा, भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। जनसेवा के प्रति समर्पित नेता मुखर्जी जी की संविधान की गहरी समझ ने सार्वजनिक पदों पर उनके कार्यकाल को परिभाषित किया। उनका जीवन और कार्य हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को प्रेरित करते रहेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की- इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने भी प्रणब मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कियाकि पूर्व राष्ट्रपति %भारत रत्न% प्रणब मुखर्जी की जयंती पर, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री ने आगे कहा, उनकी दूरदृष्टि, सादगी और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण भारतीय लोकतंत्र के लिए एक अमूल्य संपत्ति है।भारत के 13वें राष्ट्रपति रहे एक दिग्गज राजनेता, मुखर्जी ने भारत के 13वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। अपने लंबे और गौरवशाली राजनीतिक जीवन में उन्होंने विभिन्न समयों पर विदेश, रक्षा, वाणिज्य और वित्त मंत्री सहित कई अन्य पदों पर भी कार्य किया। मुखर्जी ने 2012 से 2017 तक भारत के 13वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के रूप में, उन्होंने भारत सरकार में कई मंत्री पद भी संभाले।

## अरुणाचल हादसा: 22 मजदूरों को ले जा रहा ट्रक खाई में गिरा, 18 शव बरामद, एक ही गांव के रहने वाले थे सभी श्रमिक



अरुणाचल प्रदेश के चगलागाम क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ, जहां 22 मजदूरों को लेकर जा रहा ट्रक गहरी खाई में गिर गया। घटना बेहद दुर्गम इलाके में होने के कारण इसकी जानकारी देर से मिल पाई। भारतीय सेना, स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ और प्रशासन के संयुक्त अभियान में अब तक 18 शव मिल चुके हैं,

जिनमें से अधिकांश तिनसुकिया जिले के एक ही गांव के मजदूर थे जो निर्माण कार्य के लिए गए थे।भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के चगलागाम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया है। बता दें कि बुधवार को हायुलियांग-चगलागाम सड़क पर किलोमीटर 40 के पास एक वाहन दुर्घटना की जानकारी मिली थी। एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति, जो किसी तरह चिप्रा जीआरईएफ कैंप तक पहुंच पाया, ने बताया कि 8 दिसंबर की रात 22 मजदूरों को लेकर जा रहा ट्रक खाई में गिर गया था। दुर्घटना स्थल चगलागाम से लगभग 12 किलोमीटर पहले अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में है, जहां सीमित संपर्क होने के कारण स्थानीय एजेंसियों, ठेकेदारों या किसी नागरिक प्रतिनिधि द्वारा घटना की सूचना नहीं दी जा सकी। अब तक 18 मजदूरों का शव मिला गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमएस रावत ने बताया कि गुरुवार को स्पीयर कोर ने कई सर्च और रेस्क्यू टीमें, मेडिकल दल, जीआरईएफ प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ और एडीसी हायुलियांग को मौके पर रवाना किया। करीब चार घंटे की तलाशी और रस्सी के सहारे नीचे उतरने के बाद 11~55 बजे ट्रक को सड़क से लगभग 200 मीटर नीचे घने जंगल और पत्तियों की वजह से अत्यंत कठिनाई से देखा जा सका। अब तक 18 शव दिखाई दिए हैं और उन्हें बेल-रोप तकनीक से निकाला जा रहा है। इनमें से 19 की पहचान हो चुकी है। 17 शव निकाले जा चुके हैं। ये सभी तिनसुकिया जिले के एक ही गांव के रहने वाले थे और अरुणाचल में एक हॉस्टल के निर्माण कार्य के लिए गए थे। जानकारी के अनुसार, डंपर ट्रक मजदूरों को अरुणाचल प्रदेश के एक निर्माण स्थल पर ले जा रहा था। यह सभी तिनसुकिया के गेलापुखुरी टी एस्टेट से थे। इनमें शामिल हैं~ बुधेस्वर दीप, राहुल कुमार, समीर दीप, जून कुमार, पंकज मांकी, अजय मांकी, विजय कुमार, अभय भूमिज, रोहित मांकी, बीरेन्द्र कुमार, अगर तांती, धीरन चेटिया, रजनी नाग, दीप ग्वाला, रामचाबक सोनार, सोनाटन नाग, संजय कुमार, करण कुमार और जोनास मुंडा। खोज व बचाव अभियान जारी - डिप्टी कमिश्नर स्वप्निल पॉल ने बताया, लगभग 11 बजे सूचना मिली कि अंजॉ जिले में एक वाहन खाई में गिर गया है। इसके बाद हमने अंजॉ और तेजू के डीसी से संपर्क किया। कठोर भौगोलिक परिस्थितियों और खराब दृश्यता के बावजूद सेना, सिविल प्रशासन और विभिन्न एजेंसियां मिलकर शेष लोगों की तलाश और त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए पूरा प्रयास कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो यात्रियों को मिलेगा कितना मुआवजा?: एयरलाइन ने किया एलान

डीजीसीए की तरफ से नवंबर में पायलट और क्रू के लिए नए नियमों के एलान के बाद से ही इंडिगो की फ्लाइट्स के रद्द होने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस महीने की शुरुआत में यह संकट और गहरा गया। इसके बाद से लगातार इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द होने लगीं, जिससे यात्री जहां-तहां एयरपोर्ट पर ही फंस गए। अब विमानन मंत्रालय की ओर से सख्ती दिखाए जाने के बाद एयरलाइन कंपनी ने यात्रियों को राहत देने से जुड़े कदम उठाए हैं। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने हालिया संकट से प्रभावित हुए यात्रियों के लिए रिफंड के बाद अब अतिरिक्त मुआवजे का एलान किया है। हालांकि, यह राहत सिर्फ कुछ चुनिंदा यात्रियों को ही मिलेगी। आइये जानते हैं इंडिगो का क्या एलान रहा? किन यात्रियों को राहत मिलेगी? अगर यात्रियों ने अपने टिकट किसी ट्रैवल पार्टनर प्लेटफॉर्म से लिया है तो उनके रिफंड के लिए सारी कार्रवाई शुरू कर दी गई हैं। हालांकि, एयरलाइन के पास सिस्टम में ऐसे यात्रियों की पूरी जानकारी नहीं है। ऐसे में वे यात्री इंडिगो की ईमेल आईडी- ष्किstomer.e &perience @goindigo.in पर जानकारी दे सकते हैं। हम उनकी सहायता जारी रखेंगे। इंडिगो ने आगे कहा कि 3, 4 और 5 दिसंबर को हमारे साथ यात्रा करने वाले लोगों का अनुभव खराब रहा और वे कई घंटों तक एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे।

## यूपी में एसआईआर की समय सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग को भेजा था पत्र

उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) के दौरान 17.7त्न फॉर्म जमा न होने के कारण सीईओ ने चुनाव आयोग से अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया था। जिसे मंजूरी मिल गई है।यूपी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से और समय मांगा गया है। इसे अब मंजूर कर दिया गया है। यूपी में अब एसआईआर की सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस संबंध में आयोग को पत्र भेज दिया था। ताकि मृतक, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं का पुन~ सत्यापन कराया जा सके।रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। डिजिटाइज गणना प्रपत्रों में 18.85 प्रतिशत गणना प्रपत्र असंग्रहीत यानी मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। अभी तक 80.29 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाता व उसके परिवार के अन्य सदस्य के हस्ताक्षर से वापस मिल चुके हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18.85 प्रतिशत



लगभग 2.91 करोड़ मतदाताओं के गणना प्रपत्र असंग्रहीत श्रेणी के हैं, जिसमें सर्वाधिक 8.22 प्रतिशत यानी लगभग 1.27 करोड़ स्थायी रुप से अपने निवास स्थान से स्थानांतरित मतदाता हैं। 2.98 प्रतिशत यानी लगभग 45.95 लाख मृतक मतदाता, 1.5 प्रतिशत यानी लगभग 23.69 लाख ऐसे मतदाता हैं, जो पहले से ही किसी और स्थान पर भी मतदाता हैं। 0.62 प्रतिशत या 9.58 लाख ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र लेकर अभी तक वापस नहीं किया। वहीं, 5.49 प्रतिशत यानी 84.73 लाख मतदाता अनुपस्थित हैं। 76 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का काम- मतदाताओं से अभी तक प्राप्त गणना प्रपत्रों की मैपिंग का काम 76 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। यह मैपिंग वर्ष 2003 की मतदाता सूची से की गई है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मैपिंग के काम में और तेजी लाते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। जिनका सूची में नाम नहीं, फॉर्म-6 भरें- उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम वर्ष-2025 की मतदाता सूची में न होने से उनको गणना प्रपत्र नहीं प्राप्त हुए, उनसे फार्म-6 भरवाएं जाएं। इसी तरह 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं को मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरवाए जाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 14 जिलों, 132 विधानसभा क्षेत्रों और 143509 मतदेय स्थलों में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी असंग्रहीत मतदाताओं की सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के सत्यापन में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सभी बूथ लेवल अधिकारी बैठककर अपने क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट को 12 दिसंबर तक असंग्रहीत मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराएंगे। यह सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। मतदाताओं को फॉर्म-8 भरना होगा- सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि अब नए वोटरों को जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। आवेदन आ भी रहे हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर फॉर्म-6 भरकर नए वोटर के लिए आवेदन किया जा सकता है। अगर ऑनलाइन आवेदन करने में कोई दिक्कत आ रही है तो बीएलओ से संपर्क कर ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा है। एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विस्थापित हुए लोगों के नाम भी जोड़े जाएंगे। इसके लिए उन मतदाताओं को फॉर्म-8 भरना होगा। कोई दिक्कत आए तो करें कॉल- अब भी जिन्होंने एसआईआर फॉर्म भरकर जमा नहीं किया है, वह भर सकते हैं। एसआईआर फॉर्म भरना हो या फिर नए वोटर बनने के लिए आवेदन संबंधी जानकारी चाहिए तो इसके लिए 0522-1950 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। हेल्पलाइन पर आयोग से संबंधित कर्मचारी पूरी जानकारी देंगे और फॉर्म भरवाने में मदद करेंगे।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक बोले- लोकतंत्र की शुचिता के लिए एसआईआर जरूरी;सपा मुखिया पर साधा निशाना

लखीमपुर खीरी में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यालय में एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि जैसे मन की शुद्धता के लिए योग जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र की शुचिता के लिए एसआईआर बहुत जरूरी है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बृहस्पतिवार को लखीमपुर खीरी के दौरे पर पहुंचे। हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन मैदान पर उतरने के बाद दोपहर करीब 12~15 बजे वह भारतीय जनता पार्टी के देवकली रोड स्थित जिला कार्यालय पर पहुंचे। यहां पार्टी के सभी वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों समेत संगठन के लोगों के साथ एसआईआर की समीक्षा बैठक



की। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि जैसे मन की शुद्धता के लिए योग आवश्यक है, वैसे ही लोकतंत्र की शुचिता के लिए एसआईआर बहुत जरूरी है। उपमुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा मुखिया की अपनी संभावित हार को नजदीक आते देखकर अनर्गल बयानबाजी करते हैं। बिहार में एसआईआर के बाद चुनाव हुआ। वहां प्रचंड बहुत के साथ एनडीए की सरकार आई। लगभग 65 लाख ऐसे लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया गया, जो अवैध मतदाता थे। चुनाव आयोग को भाजपा के कार्यकर्ता बीएलओ के माध्यम से मदद कर ऐसे घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर करवा रहे हैं। पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से हो रही है।

## सीएम योगी बोले- दीपावली का यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होना गर्व की बात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान भारत की बढ़ती सांस्कृतिक प्रतिष्ठा का प्रतिबिंब है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व स्तर पर सांस्कृतिक उपस्थिति को व्यापक रूप से स्थापित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने को गर्व का पल बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय व नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्व पटल पर और अधिक मजबूती देती है।सीएम ने सोशल मीडिया के



माध्यम से कहा कि यह सम्मान यूपी के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अयोध्या प्रभु श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव परंपरा की शुरुआत हुई थी। अयोध्या केवल सांस्कृतिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं की आत्मा है।

ऐसे में इस पर्व की वैश्विक मान्यता अयोध्या के आध्यात्मिक महत्व को और भी प्रखर बनाती है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान भारत की बढ़ती सांस्कृतिक प्रतिष्ठा का प्रतिबिंब है।पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व स्तर पर सांस्कृतिक उपस्थिति को व्यापक रूप से स्थापित किया है। भारत की परंपराओं और उत्सवों को विश्व समुदाय द्वारा अपनाया जाना सकारात्मक संकेत है। अयोध्या का शाश्वत प्रकाश मानवता को सत्य और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है।

संपादकीय Editorial

# Electoral Reforms Mean 'Vote Theft'


The Lok Sabha debated the issue of electoral reforms, but no reforms or constitutional amendments emerged. The government also made no proposals for any reforms. This was a purely political debate. Under the guise of electoral reforms, allegations of 'vote theft' resonated within Parliament. Leader of the Opposition Rahul Gandhi leveled a very serious allegation of collusion and collusion between the BJP and the Election Commission to win elections. He virtually threatened the current Election Commissioners, saying, "When we come to power, we will hunt them down and punish them for 'stealing democracy' through vote theft."

The Leader of the Opposition also questioned the legal amendment, asking why the Chief Justice of India was removed from the panel that decides the appointment of Election Commissioners. Why are Election Commissioners granted immunity, legal immunity, for any decision or action they make? Why can't any legal case be filed against them? Why should CCTV footage be destroyed 45 days after the election process is completed? This law is wrong and misleading. The Leader of the Opposition is unaware of the history of Congress rule, when the government, i.e., the Prime Minister, selected and appointed the Chief Election Commissioner. Later, they were also made ministers or elevated to a high position. At that time, power was accountable to neither Parliament nor the country. The Leader of the Opposition did not even have the right to express their "dissent." More or less, today, the opposition representative can at least note their dissent on the selection panel of the Prime Minister, a Cabinet Minister, and the Leader of the Opposition. Senior Congress MP Manish Tewari explained that a Special Intensive Revision (SIR) of the voter list cannot be conducted simultaneously in multiple states, or even in a single state. The Election Commission has the constitutional right to initiate the SIR in areas where it finds discrepancies in the voter list.

This debate has even surfaced in the Supreme Court. SIR has been declared a violation of the country's Representation of the People Act. Today, in 2025, voters in many states are being asked whether their name appeared on the 2003 voter list. This means that voters must confirm that they were voters in the past. In fact, neither the old voter list is available to voters, nor are the Election Commission's portals and websites working.

How can the average voter in the country verify this? Only the Election Commission can verify voter identity from 2003 or earlier, as it has all the records and has been conducting elections. Therefore, senior Supreme Court advocate Abhishek Manu Singhvi has termed the SIR an "unconstitutional process." The Supreme Court must provide its interpretation in this regard. Since serious allegations of "vote theft" have been raised in Parliament, the question arises: who will answer? The Election Commission cannot come to Parliament and answer. However, the Election Commission has to answer some issues.

# Unanswered Questions, Questions Raised About IndiGo Still Unresolved




It should be understood that the credibility of the DGCA has been tarnished along with IndiGo. Just as it is crucial that IndiGo's operations be reformed and prevent it from exploiting its market share, it is equally crucial that the DGCA perform its duties properly, as it has proven to be a failure as a regulator. It is both disappointing and worrying that the questions raised about IndiGo, the country's largest airline, still remain unresolved. It is not satisfactory that the DGCA has deployed a monitoring team at IndiGo's headquarters and is monitoring every flight, as the fact remains that passengers are still facing inconvenience. Isn't it an indicator of normalcy that its flights are still being cancelled and postponed? After all, when the DGCA postponed the implementation of pilot relaxation rules for two months, why are IndiGo's flights still unable to return to normal? The question is whether IndiGo will be able to implement these DGCA regulations after two months. This is because recruiting pilots so quickly seems unlikely. Also unanswered is whether other airlines are capable of compensating for the 10% reduction in IndiGo's flights as a penalty. If they are not, then the crisis faced by air travelers will hardly be resolved, given this is the tourism season. The government finally woke up to the inconvenience caused to millions of air travelers after hundreds of IndiGo flights were cancelled, but why did it take so long and why did it fail to recognize the problem in time? More importantly, what is being done to hold IndiGo and the DGCA accountable? Why did DGCA officials not assess whether IndiGo was making the necessary preparations to comply with the new regulations on time? IndiGo should have been particularly under their scrutiny, as it has the largest fleet of aircraft. Had the DGCA become aware when the crisis arising from IndiGo's flight cancellations was deepening, the situation might not have become so dire. There are compelling reasons to conclude that the DGCA failed to perform its duties properly. It is not only necessary, but also imperative that IndiGo management be held accountable, questioned rigorously, and DGCA officials be held accountable. It should be understood that the DGCA's credibility has been tarnished along with IndiGo's. As important as it is to radically reform IndiGo's operations and prevent it from exploiting its market share, it is equally important that the DGCA perform its duties properly, as it has failed as a regulator.

# A System Inviting Chaos

India is the world's third-largest aviation market and fourth-largest economy, yet two airlines—IndiGo (65 percent) and Air India (30 percent)—hold almost the entire market, with a 95 percent share. We need more airlines in the market, as well as meaningful policy interventions. The Indian market is expanding rapidly, and aviation infrastructure must keep pace with this pace. Passenger safety and satisfaction must be at the core of this vital sector.




The chaos caused by IndiGo flight delays and cancellations has created a balance between passenger convenience and safety. Recently, Indian airports witnessed widespread chaos. How should this situation be described? In scenario-setting, analysts often use concepts like black swans and gray swans to describe such unusual events. A black swan is an unexpected, unforeseen, and unintended event that leads to serious and adverse consequences. Can the delays and cancellations of IndiGo flights fall into this category? If we examine this, government regulations requiring more rest and revised rosters for pilots were enacted two years ago. Airlines were given ample time to prepare for compliance. There was nothing unexpected or uncertain about this. Naturally, lack of compliance was bound to lead to chaos, and that's exactly what happened. A gray swan event means that an event, despite being predicted, is unlikely to occur. Such an event has a significant adverse impact. IndiGo management likely believed that stricter guidelines were merely cosmetic initiatives that would rarely be implemented. Despite prolonged laxity regarding the revised regulations and the ever-expanding compliance threshold, was it truly so unexpected that the authorities would eventually take action toward aviation safety and a better work culture? Amid the confusion surrounding black and gray swan events, I found the term red swan more appropriate. It refers to a scenario that is highly likely to occur, often discussed and warned about. Yet, inaction by those responsible results in adverse consequences. The DGCA announced revised flight duty time limits (FDTL) nearly two years ago. IndiGo was well aware of this. Yet, it chose to ignore them, which was completely unfair. Clearly, it wanted to avoid the financial burden of the new regulations. This is nothing but an example of the market leader's arbitrariness. Since the chaos erupted, various parties involved in the matter have been busy offering explanations. The government has temporarily postponed the revised rules and set fare limits. IndiGo has apologized and announced a refund. While this crisis may provide some relief in a few days, the question remains: will this relief be permanent? Looking back on the year, it has been a very bad year for the Indian aviation sector. An Air India plane crashed in June, several helicopters also crashed, and now the IndiGo fleet is crippled. Ultimately, consumers bear the brunt of the brunt. It's a story of a cliffhanger. It's a profound irony that passenger safety and convenience are at odds. It's not even a matter of debate whether passenger safety should be compromised or pilot rest rules should be relaxed. Pilots overworked and deprived of adequate rest should never be in the cockpit, but should the price of such comprehensive safety be paid by inviting widespread flight cancellations and chaos? Undoubtedly, safety is paramount, but we must go beyond that. For example, the level of passenger comfort and experience. Aviation, being part of the service sector, is considered an extension of hospitality. However, the reality is far from this. Forget about amenities, passengers struggle for even basic consumer rights. In India, passenger rights documents are meaningless. Action is rarely taken on them. Even if it is, it's limited to issues like catering and refunds. Unlike in developed countries, airlines in India are not penalized for operational inefficiencies. Even if you book a low-priced ticket in advance, passengers forced to purchase an alternative ticket in the event of a delayed or cancelled flight face costs far greater than the refund they would receive on the original ticket. Airlines can delay or even cancel flights without prior notice, but even the slightest delay is unacceptable. While this may be an operational necessity, it is clearly arbitrary. A significant amendment to regulations is necessary to require airlines to adequately compensate passengers for flights delayed or cancelled due to their fault. This is common practice in Europe and the US. The government's initiative to announce strict action against IndiGo, reduce its flight frequency, and remain uncompromising on safety standards is commendable. While this attempt to clip the wings of a market leader risks appearing like a relic of the socialist era, in the current situation, it would be tantamount to oblivious to the core issue. This state action against a company is a misstep. This should be seen as a means of ensuring compliance rather than a blow. In any case, any monopoly in essential services should be completely unacceptable. Even in the United States, considered a bastion of capitalism and the free market, there has been a cautious approach to addressing monopolies in critical services. The dominance of two companies cannot be considered a sign of the health of a free market. India is the world's third-largest aviation market and the fourth-largest economy, yet two airlines—IndiGo (65 percent) and Air India (30 percent)—capture almost the entire market with a 95 percent share. We need more airlines in the market, as well as meaningful policy intervention. The Indian market is expanding rapidly, and aviation infrastructure must also keep pace with this pace. Passenger safety and satisfaction must be at the core of this vital sector.

# राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1607 को मिला लाभ

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का मुख्य उद्देश्य परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु की दशा में उसके आश्रितों को जीवन निर्वाह के लिए एक मुश्त सहायता प्रदान करना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत मृतक की आयु 18 से 59 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा मृतक के परिवार की आय ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने की दशा में 46080 रुपए और शहरी क्षेत्र में निवासी होने की स्थिति में 56460 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना में मृतक की मृत्यु की तिथि से एक वर्ष के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा पोर्टल ह्वश्चह्यस्र.ह्रश्1.द्बठ्ठ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाते हैं तथा निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले आवेदकों को एकमुश्त 30 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1607 लाभार्थियों को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, निकट आदर्श कॉलोनी, 23 वीं वाहिनी पीएससी मुरादाबाद में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

## मुरादाबाद में 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 तक खादी महोत्सव का होगा आयोजन

जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2025 से दिनांक 24 दिसम्बर 2025 तक ''मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025'' का युवा केन्द्र, निकट सांई मन्दिर, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में आयोजन किया जा रहा है।इस खाड़ी महोत्सव में देश के विभिन्न प्रदेशों तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई उत्कृष्ट खादी ग्रामोद्योग इकाईयो द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर बिक्री की जायेगी। प्रदर्शनी में आने वाली इकाईयां जैसे-जम्मू कश्मीर के बूलन शाल एवं सूट, ड्राईफ्रूट, राजस्थान की नमकीन, पंजाब की जूती, बिहार के भागलपुर की मशहूर खादी, उत्तराखण्ड के बूलन रेडीमेड गारमेन्टस, सहारनपुर का बुडन हैडीक्राफ्ट, कन्नौज का इत्र, मेरठ का आचार, सिल्क खादी, शहद, आर्गेनिक गुड एवं शक्कर, मसाले, भदोही का कारपेट एवं अन्य आकर्षक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। प्रदर्शनी में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने सभी जनपद वासियो से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर प्रदर्शनी में आये विभिन्न प्रदेशों की इकाईयो के उत्पादो की खरीददारी करें तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाए। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के समग्र विकास हेतु मा. उच्च न्यायालय में योजित याचिका में पारित आदेशों के अनुपालन में संयुक्त निगरानी समिति के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष ध्यान देने के लिए जेल अधीक्षक के साथ रह रहे बच्चों का स्वास्थ्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर से महिलाओं एवं कराएं। बच्चों की शिक्षा हेतु नियमित शिक्षा अधिकरी को निर्देशित किया। कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कार्यकत्री को जिला कारागार में लगाया आदि गतिविधियों से जोड़ा जा सके। अध्यक्ष श्री अमित कौशल, अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार राय, बाल जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा केंद्र में आयोजन किया गया। परेड का सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के द्वारा



महिला बैरक में साफ-सफाई, शिक्षा आदि पर को निर्देशित किया। जिला कारागार में महिलाओं परीक्षण प्रत्येक माह कराने के मुख्य साथ ही उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा बच्चों की काउंसिलिंग हेतु काउंसलर की व्यवस्था अध्यापक उपलब्ध कराने के लिए जिला बेसिक इसके साथ ही किन्डर गार्डन के लिए जिला कि नजदीक के आंगनवाडी केन्द्र की आंगनवाडी जाये, जिससे बच्चों को किन्डर गार्डन खेल-कूद निरीक्षण के दौरान मुख्य बाल कल्याण समिति चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह, जिला कार्यक्रम रोग विशेषज्ञ डा. मुजीबुल्ला आदि उपस्थित रहें। भगवान दास ने बताया कि युवा कल्याण एवं 77वे पीआरडी स्थापना दिवस समारोह का युवा मान प्रणाम मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी स्वीकार किया गया। परेड के टोली विजेता के रूप में प्रथम संजय कुमार, द्वितीय पवन कुमार, तृतीय प्रेमलता रही है। युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि मण्डल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 12 दिसंबर 2025 को आरएसडी एकेडमी में किया जा रहा है, जिसमें मुरादाबाद मंडल के पांचो जनपद के विजेता कलाकार प्रतिभाग करेंगे। लोकनृत्य, लोक गीत, पेंटिंग, कविता लेखन, कहानी लेखन डिक्लेमेशन एवं विज्ञान के नवीन प्रोजेक्ट की प्रतियोगिताये कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री भगवान दास, सेवानिवृत्ति जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री नरेश कुमार चैहान, वैज्ञानिक अधिकारी श्री सुरेश चंद शर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री जितिन राठी, श्री नवीन कुमार, श्री आशीष कुमार, श्री विनीत कुमार, श्री अभिनव कुमार, श्री पुष्पेंद्र कुमार, श्रीमती स्वीटी, वरिष्ठ सहायक श्री रूद्रवीर सिंह युवा कल्याण विभाग आदि मौजूद रहे।

# थाने में बच्चों को थर्ड डिग्री... बिजली का करंट लगाया, अब मामले में नया मोड़; सच ने पुलिस को भी चौंकाया

अमरोहा में शादी समारोह में पर्स चोरी के शक में पकड़े बच्चों को थाने में थर्ड डिग्री के मामले में नया मोड़ आ गया है। सीओ ने पीड़ित बच्चे और उसके माता-पिता के बयान दर्ज किए हैं। मेडिकल में भी पांच दिन पुरानी चोट निकलीं हैं। बयानों जिले में शादी में पर्स चोरी के शक में बच्चों शिकायत करने वाले बच्चे के माता-पिता अपने निशान पुलिस के हिरासत में लेने से पांच दिन पर शिकायत करने की बात कही है।अमरोहा और पुरुष खाना खा रहे थे। इस बीच एक लिया गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची थी। थी। बालकों को थर्ड डिग्री देने का लगाया चारों को आधी रात के समय उनके परिजनों पुलिस ने बालकों को थर्ड डिग्री दी। उन्हें बुरी की हालत नाजुक बनी हुई है। डिप्टी कलक्टर निवासी परिवार कलक्ट्रेट पहुंचा। उनकी गोद



में शिकायत के बाद बच्चे के माता-पिता मुकर गए हैं।उत्तर प्रदेश के अमरोहा की पिटाई के मामले में नया मोड़ आ गया है। कलक्ट्रेट में डिप्टी कलक्टर से बयानों के मुकर गए हैं। पुलिस ने बच्चे का मेडिकल कराया जिसमें चोट के पुराने निकले। इतना ही नहीं बच्चे के माता-पिता ने मोहल्ले के लोगों के कहने शहर में रविवार रात शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसमें शामिल महिलाएं कारोबारी की पत्नी का पर्स चोरी करने के शक में चार बालकों को पकड़ पुलिस चारों बालकों को पकड़कर कोतवाली ले आई थी और पूछताछ की था आरोप- वहीं, बालकों के पास पर्स बरामद नहीं होने के बाद पुलिस ने के सुपुर्द कर दिया था। वहीं, परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के दौरान तरह पीटा गया। बिजली का करंट भी लगाया गया जिस कारण एक बालक को बताई थी बर्बरता की कहानी- मंगलवार को अमरोहा के एक मोहल्ला में दस साल का बच्चा था। पीड़ित परिवार ने डिप्टी कलक्टर को शिकायतीपत्र देकर पुलिस की बर्बरता की कहानी बताई। कहा कि उनका बेटा सिर्फ दस साल का है और तीन बालकों के साथ पुलिस उसे भी पकड़ कर ले गई थी। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि पीड़ित बच्चे और उसके माता-पिता के बयान दर्ज किए गए हैं। बच्चे के माता पिता ने स्पष्ट बताया कि उनके बच्चे को पांच दिन पहले चोट लगी थी। सिपाही के द्वारा पिटाई की शिकायत मोहल्ले के लोगों के कहने पर की थी। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी ने सीओ सिटी को मामले की जांच सौंपी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर भूड़ चौकी में तैनात सिपाही नीतीश को लाइन हाजिर किया गया था। मामला मेरे संज्ञान में आया है। सीओ सिटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर भूड़ चौकी में तैनात सिपाही नीतीश को लाइन हाजिर किया गया है। विभागीय जांच जारी है। - अमित कुमार आनंद, एसपी

## ढाबाकर्मी की करतूत: ट्रक चालकों के खाने में मिलाईं नशे की गोलियां, बेहोने होने पर लूटा, एक की मौत.. कई बीमार

मुरादाबाद में कांठ में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक ढाबे में काम करने वाले कर्मी ने ट्रक चालकों को नशीला पदार्थ खिला दिया। बेहोश होने पर उनके मोबाइल और पर्स लूट लिए। इस घटना की एक चालक की मौत हो गई जबकि कई गंभीर रूप से बीमार हैं। कांठ थाना क्षेत्र में ढाबा पर खाना खाने के बाद छह ट्रक चालकों व हेल्परों की हालत बिगड़ गई। इसमें एक ट्रक चालक तिलकराज (44) की मौत हो गई, जो हिमाचल प्रदेश के है कि ढाबा कर्मी ने खाने में नशीली गोलियां मिला दी थीं। आरोपी ढाबा कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की के चालकों और हेल्परों ने सोमवार की रात छजलैट थाना ढाबे पर अपने वाहन खड़े करने के बाद खाना खाया था। जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के बरमोली निवासी जोगा सिंह के चालक व हेल्पर कैलाश निवासी हरदोई, पुनीत सिंह निवासी (उत्तराखंड) और रजनीश खाना खाने के बाद अपने वाहनों ने इन्हें जगाना चाहा तो यह सभी अचेत अवस्था में बेहोश स्वामी ने एक दिन पहले ही काम करने आए ढाबा कर्मी लिया। जिसे बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर



जिला कांगड़ा में जवाली थाना क्षेत्र के बलबड़ा गांव निवासी था। आरोप इस मामले में पुलिस ने ढाबा कर्मी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। कोलकाता से माल लेकर हरिद्वार जा रहे तीन ट्रकों क्षेत्र में मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर कैच की पुलिया के पास स्थित फौजी इसके बाद ट्रक चालक तिलकराज ( 44) और वाहन स्वामी कांगड़ा साथ रात दस बजे के बाद अपना ट्रक लेकर चला गया। वहीं दो ट्रकों के पंचकूला (हरियाणा), कृष्ण कुमार निवासी शाहबाद, करन सिंह बागेश्वर के केबिनों में सो गए। रात को तीन बजे ढाबा की रखवाली करने वाले मिले, इससे यहां खलबली मच गई। गतिविधि संदिग्ध लगने पर ढाबा पीलीभीत के राजीव गिरी को अन्य कर्मचारियों की मदद से पकड़ दिया। अचेत मिले पांचों चालक और हेल्परों का इलाज कराया गया। पूरा दिन चले इलाज के बाद मंगलवार शाम तक इन सभी की हालत में सुधार हो गया। दिनभर पड़े रहे बेहोश -ढाबे से खाना खाने के बाद ट्रक लेकर गए तिलकराज और जोगा सिंह की हालत कुछ किलोमीटर चलने के बाद बिगड़ गई। यह ट्रक को साइड में खड़ा कर केबिन में लेट गए और अचेत हो गए। मंगलवार को पूरा दिन यह अपने वाहन में बेहोश पड़े रहे। शाम के समय उधर से आ रहे अन्य चालक खड़े ट्रक को पहचान कर रुके और उन्होंने ट्रक देखा, तब तक केबिन में पड़ा जोगा सिंह कुछ होश में आ चुका था। पता करने के बाद चालक दोनों को मंगलवार की शाम छजलैट ले आए। इलाज शुरू होता उससे पहले ही बेहोश तिलकराज ने दम तोड़ दिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि तिलक राज के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जोगा सिंह की ओर से ढाबा कर्मी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसने ही खाने में नशे की गोलियां दी थीं। इसके बाद चालकों व हेल्परों के मोबाइल व अन्य सामान निकाल लिया था। माल लदा एक ट्रक रास्ते में ही पलटा- खाने में नशीली गोलियां देने के बाद बेहोश हुआ एक ट्रक चालक करन सिंह बागेश्वर निवासी उत्तराखंड इलाज के बाद हालत सुधरने पर बुधवार की सुबह अपना ट्रक लेकर छजलैट से हरिद्वार के चला था। वह छजलैट से बिजनौर मार्ग पर दो ही किलोमीटर चला था कि करूला नदी के पास उसका ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। ट्रक स्वामी राजकुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेनों की मदद से ट्रक को सीधा कराया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी एटीएम लूट: नए गैंग बनाकर एटीएम उखड़वाता है घोड़ा, पर्दे में रहकर नेपाल को देता है कमान

मुरादाबाद पुलिस ने एटीएम लूटने वाले पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी बचे सदस्यों को पकड़ने के लिए टीम लगी है। पुलिस को पूछताछ में कई जानकारियां हाथ लगी है। सिविल लाइंस क्षेत्र में लोकोशेड पुल के पास स्थित पीएनबी का एटीएम उखड़वाने वाले गिरोह के सरगना मेवात निवासी नियामत उर्फ घोड़ा नए नए गैंग बनाकर घटनाएं करवाता है। वह खुद पर्दे के पीछे रहकर अपने सबसे खास रणवीर उर्फ राणा और तौफीक नेपाल को आगे रखता है। पुलिस टीमें इन तीनों की तलाश में जुटी हैं।24 नवंबर की रात सिविल लाइंस के लोकोशेड पुल के पास स्थित पीएनबी के एटीएम को बदमाश उखाड़कर ले गए थे। 25 नवंबर की सुबह एटीएम अमरोहा में पड़ा मिला था लेकिन एटीएम से करीब सात लाख रुपये की रकम गायब थी।पुलिस ने सोमवार की रात मुठभेड़ में नागफनी के डेहरिया निवासी हिफजुल रहमान उर्फ हसनैन, हरियाणा के जुबैर खान, बुलंदशहर के नरेश उर्फ फौजी, जामा मस्जिद के पास बरवालान निवासी अब्दुल मतीन, घोसिया वाली गली मुगलपुरा निवासी तंजीम को गिरफ्तार किया था।पूछताछ में इन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस गिरोह सरगना नियामत उर्फ घोड़ा है। उसने नए नए गैंग बनाकर यूपी, गुजरात, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा में एटीएम उखाड़ने की घटनाएं कराई हैं।रणवीर उर्फ राणा और तौफीक नेपाली इसके सबसे खास हैं। मुरादाबाद की घटना में भी दोनों शामिल थे और सरगना के हिस्से की रकम यह दोनों ही लेकर गए थे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गैंग के सरगना और इसके साथियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।पांच बदमाश मुठभेड़ में पकड़े, दो को लगी गोली-लोकेशेड के पास से पीएनबी का एटीएम उखाड़ने के मामले में पुलिस ने सोमवार की रात मुठभेड़ के बाद अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े सीआरपीएफ के एक भगोड़े सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। पुलिस गिरोह के सरगना मेवात के नियामत उर्फ घोड़ा सहित तीन अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस लाइन में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने मंगलवार की दोपहर बताया कि 24 नवंबर की रात लोकोशेड पुल के पास से बदमाशों ने पीएनबी बैंक का एटीएम उखाड़ा था। 6.92 लाख रुपये निकालने के बाद बदमाश अमरोहा जिले के अतरासी जंगल में एटीएम फेंककर भाग गए थे। सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।सोमवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि वारदात करने वाले आरोपी उसी ब्रेजा कार के साथ कांठ रोड पर घूम रहे हैं। पुलिस की एक टीम कांठ रोड पर भटावली स्थित निर्माणाधीन पुल के पास चेकिंग करने लगी। इसी समय पुलिस को कांठ रोड शेरुआ चौराहे की ओर से तेज रफ्तार एक ब्रेजा कार आती दिखाई दी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो चालक कार को चट्टा पुल की ओर ले गया।पुलिस ने पीछा करते हुए चट्टा पुल के नाकाबंदी प्वाइंट पर कार को रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने कार पोस्टमार्टम हाउस के सामने वाले कच्चे रास्ते की तरफ मोड़ दी लेकिन रेतीले रास्ते पर फंस गई। कार से उतरते ही बदमाशों ने फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों जामा मस्जिद के पास बरबलान निवासी अब्दुल मतीन और घोसिया वाली गली मुगलपुरा निवासी तंजीम के पैर में गोली लग गई।सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना की टीम ने दो घायलों सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार। अन्य बदमाशों में फलाहे दारान इंटर कॉलेज डेहरिया नागफनी निवासी हिफजुर रहमान उर्फ हसनैन, हरियाणा के खिल्लुका पलवल निवासी जुबैर खान और बुलंदशहर जिले के वसुंधरा औरंगाबाद निवासी सीआरपीएफ का भगोड़ा नरेश उर्फ फौजी शामिल हैं। पत्रकार वार्ता में सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता और कटघर सीओ वरुण सिंह, सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना, एसएसआई हरेंद्र सिंह शामिल रहे।सरगना के इशारे पर पूरे देश में करते हैं एटीएम चोरी - गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने बताया कि गिरोह का सरगना हरियाणा के रायपुरी गांव उजीना मेवात का रहने वाला नियामत उर्फ घोड़ा पुत्र खान मोहम्मद है। आसाम में एटीएम चोरी करने का टास्क दिया था लेकिन पुलिस की घेराबंदी की वजह से गिरोह के लोग फंस गए।ये सामान हुआ बरामद- आरोपियों के पास से पुलिस ने ब्रेजा कार, 3,08,300 रुपये नगद, एटीएम मशीन काटने के उपकरण, पांच मोबाइल सेट, तीन सिम कार्ड, एक नेट डिवाइस, चार एटीएम कार्ड, चार फर्जी आधार कार्ड, 315 बोर के पांच तमंचे, 315 बोर के छह खोखे, 14 जिंदा कारतूस, एक केन काला स्प्रे पेंट, दो काले रंग के बुर्के, एक ग्लब्ज, एक ऊनी कैप आदि बरामद किए।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

**अल्ट्रासाउंड की जांच में जुड़वा**

# जिला अस्पताल में जन्मा एक ही बच्चा तो दूसरा कहां

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिला महिला अस्पताल में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दो अलग-अगल अल्ट्रासाउंड जांच सेंटरों की रिपोर्ट में महिला मरीज के गर्भ में




जुड़वा शिशु होने की पुष्टि हुई थी लेकिन जब प्रसव हुआ तो सिर्फ एक शिशु (बेटी) का जन्म हुआ। इसे देख डॉक्टरों और मरीज के परिजन परेशान हो गए। मामला सीएमएस के पास पहुंचने पर जांच शुरू कर दी गई है। सीएमएस ने लैबर रूम के बाहर लगे बाहर सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कराने की बात कही है। भुता के गांव गजनैरा निवासी सुरेश बाबू ने बताया कि उन्होंने 3 सितंबर को डॉक्टर की सलाह पर पत्नी राजेश्वरी की भुता स्थित निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जांच कराई थी। जांच के बाद डॉक्टर ने गर्भ में जुड़वा शिशु होने की बात कही। इसके बाद प्रसव से पहले पत्नी को 14 नवंबर को जिला महिला अस्पताल स्थित ओपीडी में दिखाया और डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। यहां भी अल्ट्रासाउंड की जांच रिपोर्ट में जुड़वा शिशु होने की बात डॉक्टर ने कही थी। जब 8 दिसंबर को राजेश्वरी को प्रसव पीड़ा हुई तो उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया तो सिर्फ एक ही शिशु का जन्म हुआ। स्टाफ ने जब परिजनों को इसकी जानकारी दी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड जांच रिपोर्ट में जुड़वा बच्चे होने की बात कही गई थी। इस पर स्टाफ भी कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सका, हालांकि परिजनों ने इस बाबत कोई लिखित शिकायत नहीं की है।रिपोर्ट पर उठ रहे सवाल- एक निजी वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दोनों की रिपोर्ट प्रथम दृष्टया सटीक लग रही हैं। ऐसा इसलिए कि दोनों ही रिपोर्ट में दोनों ही शिशुओं के सिर, पैर और धड़कन सभी का स्तर दर्ज है। हालांकि इस तरह का यह पहला ही मामला सामने आया है कि दोनों ही रिपोर्ट गलत साबित हो रहीं हैं। हालांकि गर्भधारण के आरंभ में की गई अल्ट्रासाउंड जांच में चूक वश दो भ्रूण सामने आ जाते हैं लेकिन कुछ माह गुजरने के बाद जांच के बाद यह स्वतः ही सामने नहीं आते हैं। जिला महिला अस्पताल सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में हैं। मैंने खुद दोनों ही रिपोर्ट का अवलोकन किया। परिजनों ने इसकी कोई लिखित शिकायत नहीं की है लेकिन एहतियातन मामले की जांच कराई जाएगी। लैबर रूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कराई जाएगी।

# नगर पालिका परिषद शिवपुरी ने ठंड से बचाव के किए प्रबंध, अलाव एवं रैनबसेरा सुविधाओं से आमजन को मिली राहत

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा, (कटारे)/ शिवपुरी,ब्यूरो। कड़ाके की ठंड से आमजन को राहत पहुंचाने के लिए नगर पालिका परिषद शिवपुरी द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 03 दिसंबर से अलाव जलवाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है, जिससे देर रात तक राहगीरों और जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके। नगर पालिका द्वारा रेलवे स्टेशन, पोहरी बस स्टैंड, जिला चिकित्सालय परिसर, माधव चौक, पुराना बस स्टैंड, पाम पार्क एवं मेडिकल कॉलेज परिसर सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं। इन व्यवस्थाओं से आमजन को काफी राहत मिल रही है।




इसके अतिरिक्त, अत्यधिक ठंड के समय जरूरतमंदों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के पोहरी बस स्टैंड एवं पुराने बस स्टैंड स्थित रैनबसेरों में निःशुल्क रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहाँ गर्म बिस्तर, कंबल, हीटर एवं गर्म पानी जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ नगर पालिका द्वारा निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री एवं नागरिक उठा रहे हैं। नगर पालिका ने स्पष्ट किया कि पोहरी बस स्टैंड पर पूर्व से ही नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था की जाती रही है। यहां रैनबसेरा एवं दो यात्री प्रतीक्षालय भी निर्मित हैं जिनका उपयोग लगातार यात्री करते आ रहे हैं। नगर पालिका ने यह भी जानकारी दी कि विगत दिनों ईसागढ़ निवासी युवक अरुण त्यागी की मृत्यु संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई थी, उस दिन भी संबंधित स्थल पर अलाव की व्यवस्था मौजूद थी। नगर पालिका परिषद ने आमजन से अपील की है कि ठंड के मौसम में बनाए गए अलाव स्थल एवं रैनबसेरा की सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें तथा जरूरतमंद लोगों को भी इन व्यवस्थाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें। परिषद ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक कदम आगे भी समय-समय पर जारी रहेंगे।

# राजकीय और निजी आईटीआई में छह माह के कोर्स के लिए आवेदन शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जनपद के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित छह माह के नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग, स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग आधारित व्यवसायों (ट्रेड्स) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें ड्रोन पायलट, ड्रोन टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर में प्रवेश के लिए बैच-द्वितीय (सत्र 2025-26) की उपलब्ध सीटों के लिए नए आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें बुधवार से ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। इसके साथ ही आवेदन की अंतिम तिथि 24 दिसंबर है। इच्छुक अभ्यर्थी http://www.scvtup.in पर जाकर Online Submission Application of Application for Admission for Batch-II 2025-26 (si& months) for Government/ Private ITI पर क्लिक कर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, या यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है। इसमें सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए 250 और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को 150 रुपये जमा करने होंगे।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश का वार्षिक अधिवेशन 14 को

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश का वार्षिक अधिवेशन 14 दिसंबर को ब्लॉक सभागार मरौरी में संपन्न होगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के जिला संयोजक संजय प्रकाश ने मंगलवार को पत्र जारी कर यह जानकारी दी। जिला संयोजक संजय प्रकाश के अनुसार, प्रान्तीय महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 लखनऊ आर0के0 निगम जी के दिशा निर्देशानुसार जनपद स्तर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जनपद स्तरीय कार्ययकारिणी गठन करने व राज्य सरकार द्वारा समयान्तर्गत पुरानी पेंशन (ओ0पी0एस0) बहाली, एस0सी0पी0 व अन्य शासकीय देयकों के समयान्तर्गत भुगतान करने हेतु दिनांक 14.12.2025 दिन रविवार स्थान ब्लाक सभागार मरौरी टनकपुर रोड पीलीभीत पर वार्षिक अधिवेशन का आयोजन प्रान्तीय कार्यकारिणी की उपस्थिति में कराया जायेगा। संजय प्रकाश ने समस्त जिलाध्यक्ष मंत्री सम्बद्ध राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा-पीलीभीत ,समस्त अध्यक्ष मंत्री आउटसोर्सिंग विभाग, पीलीभीत और समस्त अध्यक्ष मंत्री बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा, पीलीभीत को उपरोक्त कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में सभी सम्बद्ध संगठनों को दिनांक 14.12.2025 को विकास खण्ड मरौरी के सभागार में प्रात: 12 बजे उपस्थित होकर उक्त अधिवेशन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। जिससे जनपद स्तर पर सभी कर्मचारी साथियों को प्रान्तीय कार्यकारिणी की उपस्थिति का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया की उन्हें आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास भी है कि सभी संगठनों के शतप्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति से राज्य कर्मचारियों सहित सभी आउटसोर्सिंग कर्मियों को भी अपार बल एवं सहयोग प्राप्त होगा।

# थाना बदरवास पुलिस ने 23 भैंसों से भरा ट्रक पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार - कुल 29 लाख का माल जब्त

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा, (कटारे)/ शिवपुरी, ब्यूरो। थाना बदरवास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भैंसों का परिवहन कर रहे एक आयशर ट्रक को पकड़ा है। पुलिस ने ट्रक से क्रूरता पूर्वक रस्सियों से बंधी कुल 23 भैंसें तथा एक आयशर ट्रक (MP06HC2872) समेत लगभग 29 लाख रुपये का मसरूका जब्त किया है। घटना 10 दिसंबर की है, जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दीघौद के पास बंद पड़े






क्रेशर पर एक ट्रक में बड़ी संख्या में भैंसें भरी खड़ी हैं, जिन्हें अवैध रूप से बूचड़खाने ले जाने की तैयारी है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बदरवास पुलिस मौके पर पहुंची और बताए गए ट्रक की तलाशी ली। जांच में पाया गया कि ट्रक में 16 भैंसें, 4 पाड़ा तथा 3 पाड़िया-कुल 23 जानवर-डबल स्टोरी पार्टीशन बनाकर अमानवीय तरीके से रस्सियों से बाँधकर भरे गए थे। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों- मेवाराम पुत्र बाबूलाल कुशवाह, उम्र 35 वर्ष, निवासी झारपुरा, जिला धौलपुर (राजस्थान) तोफिन खान पुत्र कल्लाराम खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी जमाखेड़ी, जिला अशोकनगर को गिरफ्तार किया। जानवरों की अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रुपये, जबकि जब्त आयशर ट्रक की कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 322/25 धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम तथा 6/6क म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित दुबे, सउनि रघुवीर सिंह मखेनिया, सउनि जगदीश पाराशर, आर दीपक, आर थान सिंह, चालक दीनू रघुवंशी एवं आर सदन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस तत्परता से अवैध पशु परिवहन पर बड़ी कार्यवाही संभव हो सकी है।

# बरेली में मुख्यमंत्री योगी ने की मंडलीय समीक्षा बैठक, झारखंड के राज्यपाल के बेटे की शादी में भी पहुंचे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बरेली में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल हुए। नवदंपती को आशीर्वाद दिया।मुख्यमंत्री हाउस में जनप्रतिनिधियों और अफसरों के साथ मंडलीय बैठक में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, पशुधन मंत्री प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, वन राज्य मंत्री डॉ. अरुण पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपा योगी आईवीआरआई मैदान में झारखंड के राज्यपाल मुख्यमंत्री ने नवदंपती को आशीर्वाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री शहर में करीब दो घंटे तक रहे। मुख्यमंत्री की पुलिसकर्मी लगाए गए थे। एसएसपी अनुराग आर्य ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया था। उन्होंने कहा था कि




योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार शाम बरेली पहुंचे। उन्होंने यहां सर्किट समीक्षा बैठक की। बैठक में मंडल के विकास कार्यों की प्रगति जानी। धर्मपाल सिंह, जल शक्ति विभाग मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के कुमार सक्सेना, बरेली के सांसद, मेयर और विधायक व भाजपा के पदाधिकारी नवदंपती को दिया आशीर्वाद - बैठक के बाद मुख्यमंत्री संतोष गंगवार के पुत्र अपूर्व के विवाह समारोह में शामिल हुए। बरेली एयरपोर्ट से राजकीय विमान से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था में 12 सौ बुधवार को आईवीआरआई ऑडिटोरियम में फोर्स की ब्रीफिंग कर ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन एवं अन्य प्रोटोकॉल के पालन के लिए निर्देशित किया गया। शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव - शहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के कारण शहर की यातायात व्यवस्था बदलाव किया गया। पुराना बस अड्डा बंद रहा। रोडवेज बसों का संचालन सेटेलाइट से किया गया। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा गया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### डेयरी संचालकों को पर पशु क्रूरता अधिनियम तहत कड़ी कार्यवाही करने की मांग -अजय पटेल

क्यूँ न लिखूँ सच/ बरेली! के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र ग्राम बिचपुरी पुल के पास कुछ खुराफात डेयरी संचालकों गायों को पलते हैं जब गायों अपने बच्चों को जन्म देती है डेयरी संचालकों गायों के बच्चों को दूध ना पिलाने के कारण बच्चों को तड़प तड़प कर मार देते हैं डेयरी संचालक गौ माता के बच्चे को बोरी में भरकर कहीं दूर खुले मैदान में फेक आते हैं और डेयरी संचालकों गायों का दूध न देने पर उन्हें आवारा पशुओं की तरह छोड़ दिया जाता है, इसकी सूचना अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना के जिलाध्यक्ष अजय पटेल के संज्ञान में आया तुरंत उन्होंने एसएचओ थाना बिथरी चैनपुर घटना जानकारी से अवगत कराया,पुलिस प्रशासन ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी जिलाध्यक्ष अजय पटेल ने शिकायतकर कर ऐसे की डेयरी संचालकों को पर पशु क्रूरता अधिनियम तहत कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है,



### पदाधिकारियों की गाड़ी रोकने पर विवाद

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। सर्किट हाउस में गेट पड़ सुरक्षा प्रहरियों ने जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां रोकना शुरू कर दी। इस पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और ब्रज क्षेत्र के प्रभारी एमएलसी संतोष सिंह और ब्रज प्रदेश के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि हम लोगों की गाड़ी नहीं जाएंगी तो यह ठीक नहीं होगा। उसके बाद गाड़ियों की अंदर एंट्री शुरू हो गई। हालांकि गाड़ियां वीआईपी को अंदर छोड़कर बाहर पार्क कराई गईं।



### कन्हैया गुलाटी के खिलाफ दो और रिपोर्ट, पत्नी-बेटा समेत 20 लोग नामजद

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के खिलाफ दो और रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। शाहजहांपुर के तिलहर निवासी सुनैना गुप्ता और बरेली के इज्जतनगर निवासी ललित मोहन की ओर से बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी राधिका गुलाटी, बेटे गोपाल गुलाटी समेत 20 लोगों को नामजद किया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि गुलाटी और उसके गिरोह ने कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपये ठग लिए। बरेली में कन्हैया गुलाटी और उसके गिरोह पर एक महीने में करीब दस मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। गुलाटी ने अपनी चिटफंड कंपनी के जरिये शहरवासियों को कम समय में रुपये दोगुने व तिगुने करने का झांसा दिया। कुछ ही साल में भरोसा कायम कर निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगा दिया और अब परिवार समेत भाग गया है।



### सनराइज अस्पताल की शिकायत लेकर सीएम से मिलने पहुंची पीड़िता

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। सनराइज अस्पताल की शिकायत करने के लिए पीड़ित पक्ष गुरुवार को सर्किट हाउस पहुंचा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की जिद की। पीड़ित लक्ष्मी देवी ने कहा कि अस्पताल ने लापरवाही से पति का इलाज किया। इस कारण उनके पति की मृत्यु हो गई। बाद में उसका पोस्टमार्टम भी नहीं होने दिया। पुलिस ने उन्हें जबरन वहां से हटा दिया।

# रामगोपाल के हत्यारों को सुनाई गई सजा, सरफराज को फांसी... नौ दोषियों को आजीवन कारावास

रामगोपाल हत्याकांड मामले में दोषियों को सजा सुना दी गई है। दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है।यूपी के बहराइच में रामगोपाल हत्याकांड मामले में दोषियों को सजा सुना दी गई है। मुख्य दोषी सरफराज को फांसी की सजा की सजा सुनाई गई। एक अन्य दोषी सैफ ही एक-एक लाख का जुर्माना लगाया विसर्जन के दौरान रामगोपाल की हत्या अदालत ने मुख्य आरोपी सरफराज उर्फ तालिब उर्फ सबलू सहित 10 आरोपियों पेश किया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े गहमागहमी रही।कचहरी में दिनभर तनाव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय कार्रवाई पर नजर रखे हुए थे। सभी की फैसला आने के बाद लोगों में चर्चाएं तेज महीने पूरे होने वाले हैं। यह वही घटनाक्रम आग में झोंक दिया था। पीएसी तैनात



सुनाई गई है। जबकि,आठ दोषियों को आजीवन करावास अली को आठ वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ गया है। घटना 13 अक्तूबर 2024 की है। जब दुर्गा प्रतिमा कर दी गई थी।इससे पहले बुधवार को आए फैसले में रिंकू, उसके पिता अब्दुल हमीद, दो भाइयों फहीम और को दोषी ठहराया था। बृहस्पतिवार दोपहर बाद इन्हें कोर्ट में इंतजाम रहे। केस को लेकर कचहरी परिसर में सुबह से ही और उत्सुकता सजा का फैसला आने से पहले कचहरी परिसर लोग, मृतक पक्ष के परिजन और वकील लगातार कोर्ट की निगाहें अदालत द्वारा सुनाई जाने वाली सजा पर टिकी रहीं। हो गईं। जानें पूरा मामला... रामगोपाल हत्याकांड को 14 है, जिसने दशहरे जैसे पावन पर्व पर पूरे जिले को हिंसा की हुई, रैपिड एक्शन फोर्स को उतारा गया। डीएम-एसपी खुद डटीं। इसके बाद भी हालात नियंत्रित नहीं हुए। मुख्यमंत्री योगी ने हस्तक्षेप किया और यूपी एटीएस चीफ अमिताभ यश को जिम्मेदारी सौंपी, तब धीरे-धीरे हालात सामान्य होने शुरू हुए। 13 अक्तूबर का जिक्र करते ही रामगोपाल की मां मुन्नी देवी टूट जाती हैं। कुछ बोलती नहीं...आखों से आंसू फूट पड़ते हैं। सिसकियों के बीच बेटे का नाम लेती रहती हैं। पत्नी रोली मिश्रा की आंखें न्याय के इंतजार में पथरा गई हैं। बेटे की हत्या के बाद से ही पिता कैलाश नाथ मिश्र की तबीयत खराब चल रही है। पिता अभी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। सांस लेने में तकलीफ है। बड़े बेटे हरमिलन मिश्र उनकी देखभाल में जुटे हैं। रामगोपाल की हत्या के बाद हरमिलन ही परिवार का सहारा हैं। ये पुलिस अधिकारी हुए थे निलंबित, चल रही विभागीय जांच- अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी ने बताया कि घटना के दूसरे दिन हरदी एसओ सुरेश कुमार वर्मा और महसी चौकी इंचार्ज शिव कुमार सरोज को निलंबित कर दिया गया था। तीन दिन बाद सीओ रुपेंद्र गौड़ पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के आरोप में कार्रवाई की गई। मामले में विभागीय जांच अब अंतिम चरण में है। निष्क्रियता और लापरवाही के आरोप में सभी पर शीघ्र ही कार्रवाई हो सकती है।

# अखिलेश यादव बोले-नौकरी भाजपा के एजेंडे में नहीं...युवाओं को धोखा दे रही; भविष्य से हो रहा खिलवाड़

अखिलेश यादव ने भाजपा पर युवाओं को रोजगार के नाम पर धोखा देने और भर्तियों को टालने का आरोप लगाया। लखनऊ में उनसे मिले ईराकी प्रतिनिधिमंडल ने भारत-ईराक संबंध मजबूत करने की बात कही और उन्हें ईराक यात्रा का निमंत्रण दिया।लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की यादव ने प्रयागराज में प्रतियोगी छात्रों के प्रस्तावित आंदोलन समर्थन हमेशा प्रतियोगी छात्रों के साथ रहा है। यह राजनीति लगाया कि भाजपा सरकार ने युवाओं का भविष्य बर्बाद भर्तियों को टालती जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्र-न होने से वे निराश और हताश हो चुके हैं।अखिलेश और नौकरी-रोजगार पर बात करने से बचती है। आरोप ध्यान असली मुद्दों से भटकाने में लगी रहती है। अखिलेश नजफ, ईराक के आध्यात्मिक नेता अयातुल्ला शेख मोहम्मद आब्दी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधियों में अल्लामा सैयद कल्बे अब्बास रिजवी अल इज्तेहादी और अल्लामा शेख



प्राथमिकताओं में नौकरी और रोजगार जैसे मुद्दे हैं ही नहीं। अखिलेश को नैतिक समर्थन देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि हमारा का नहीं, युवाओं के भविष्य का सवाल है।सपा अध्यक्ष ने आरोप कर दिया है। बड़ी संख्या में विभागों में पद खाली हैं, लेकिन सरकार नौजवान वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, पर नियुक्तियां यादव ने कहा कि भाजपा सरकार केवल झूठे वादों का सहारा ले रही है लगाया कि भाजपा समाज को बांटने, विवाद खड़े करने और जनता का से मिलकर ईराकी प्रतिनिधि बोले... लखनऊ में अखिलेश यादव से याकूबी के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में मुलाकात की। मौलाना जावेद अली अल यासरी, अल्लामा सैयद अली नकी जैदी, अल्लामा डॉ. सैयद सालह शामिल थे। प्रतिनिधियों ने मुलाकात को यादगार बताते हुए कहा कि भारत अखिलेश यादव के नेतृत्व में तरक्की कर सकता है और वे सबको साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने बताया कि ईराक में भी लोग अखिलेश को पसंद करते हैं। ईराकी सांसदों के लिए भारत की संसद में अखिलेश के भाषणों का अरबी अनुवाद कराने की बात भी उन्होंने कही। प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि ईराक में पेट्रोल उत्पादन पर्याप्त है और दोनों देशों के बीच व्यापारिक व सांस्कृतिक संबंध और मजबूत होने चाहिए। अखिलेश यादव ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना वाला देश है। उन्होंने कहा कि मेल-मिलाप और आपसी भरोसा ही दुनिया में भाईचारा व अमन-चैन ला सकता है। उन्होंने समाजवादी सरकार के कामों का जिक्र करते हुए महिलाओं को दी गई पेंशन, साइकिल ट्रैक, लैपटॉप वितरण, फ्री इलाज और 108 व 1090 सेवाओं को जनहित में महत्वपूर्ण बताया। प्रतिनिधिमंडल ने समाजवादी सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए अखिलेश यादव को ईराक यात्रा का निमंत्रण भी दिया।

## अतरौली में भाजपा कार्यकर्ता की गाड़ी पर बाइक सवारों ने की फायरिंग, बाल-बाल बचे, पुलिस जांच में जुटी

अतरौली के गांव बसई निवासी जेपी हिन्दुस्तानी ढाबे के सामने खड़ी गाड़ी में अकेले बैठकर फोन पर बात कर रहे थे। तभी अचानक दो बाइक सवार आए और चालक साइड से उनकी कार पर फायरिंग कर दी।अतरौली नगर के रामघाट रोड स्थित इंडियन कार पर बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। घटना में वह गाड़ी में फंसी गोली भी फोरेंसिक की टीम ने बरामद निवासी जेपी हिन्दुस्तानी भाजपा युवा मोर्चा में सोशल में जुटे हैं। 11 दिसंबर को अपराह्न करीब एक बजे पंप के सामने ढाबे पर रुक गए। उनका चालक यशवंत के सामने खड़ी गाड़ी में अकेले बैठकर फोन पर बात कर से उनकी कार पर फायरिंग कर दी। एक गोली कार की



ऑयल पेट्रोल पंप के सामने ढाबे पर खड़े भाजपा कार्यकर्ता जेपी हिन्दुस्तानी की बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। की है। पुलिस घटना की पड़ताल में जुटी है। अतरौली थाना अंतर्गत गांव बसई मीडिया भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि वह ब्लॉक प्रमुख के चुनाव की तैयारी अलीगढ़ से आने के बाद गांव मढ़ौली और अवंतीबाई चौराहा के बीच पेट्रोल निवासी नगला लोधा गाड़ी से उतर कर ढाबे पर चाय पीने चला गया। वह ढाबे रहे थे।उन्होंने बताया कि तभी अचानक दो बाइक सवार आए और चालक साइड खिड़की में लगी और दूसरी गोली शीशा में लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवारों के हाथ में पिस्टल या रिवॉल्वर जैसा हथियार था। भाजपा नेता पर गोली चलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। एसओ अंकित सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एटा में दो अग्निकांड: झोपड़ियां खाक, सेवायत बाबा झुलसेजजिंदा जल गई गाय, लाखों का नुकसान

उत्तर प्रदेश के एटा जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए अग्निकांड में एक अधेड़ जल गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं जलकर एक गाय मर गई। लाखों का सामान जलकर राख हो गया। एटा के राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आग लग गई। जिसमें सो रहे 65 वर्षीय शिव मंदिर चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण आ गए। झोपड़ी और झोपड़ी में रखा सामान जलकर राख हो मंदिर पर बाबा काफी समय से सेवा करते चले आ 5ः00 बजे करीब झोपड़ी में विद्युत लाइन में अचानक आग इतनी भीषण थी बाबा को बमुश्किल निकाला ग्राम नगला परम में बुधवार को सुधीर कुमार पुत्र में दो भैंसें गंभीर रूप से झुलस गईं, जिनकी हालत एक अन्य गाय झुलसकर घायल हो गई है। ग्रामीणों निकाल लिया, जिसे कोई चोट नहीं आई। सामान



लालपुर बुजुर्ग में गुरुवार सुबह 5ः00 बजे करीब झोपड़ी में के सेवायत वीरे पुत्र करन लाल गंभीर रूप से झुलस गए। आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक पूरी चुका था।गांव के ही सुखबीर सिंह ने बताया कि शिव रहे हैं। मंदिर के पास ही उनकी झोपड़ी बनी हुई थी। सुबह शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे झोपड़ी में आग लग गई। गया।नगला परम में दूसरी घटना - थाना जसरथपुर क्षेत्र के सतपाल सिंह के झोपड़ी में अचानक आग लग गई। घटना नाजुक बनी हुई है। वहीं एक गाय की मौत हो गई, जबकि ने साहस दिखाते हुए एक गाय को रेस्क्यू कर सुरक्षित जल गया - आगजनी में पशुओं के साथ-साथ घर का काफी सामान भी जलकर राख हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि पीड़ित परिवार का करीब पांच लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जसरथपुर मय फोर्स मौके पर पहुंचे और आग पर नियंत्रण कराने में ग्रामीणों की मदद की। पुलिस के अनुसार मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## फर्जी तरीके से कोडीन युक्त सिरप और कैप्सूल बेचने वाला फार्मा कंपनी का मालिक गिरफ्तार, लाइसेंस निरस्त

फर्जी तरीके से कोडीन युक्त सिरप और कैप्सूल बेचने वाला फार्मा कंपनी का मालिक गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी कंपनी का लाइसेंस पहले ही निरस्त किया जा चुका है। न्यू अब्बास फार्मा ने लखनऊ से खरीद की थी। इसके लिए 70 फर्जी बिल बनाए थे।यूपी के अंबेडकरनगर में जलालपुर स्थित न्यू अब्बास फार्मा के मालिक नसीम हैदर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसने कोडीन युक्त सिरप की 21630 शीशी और करीब 532 बॉक्स कैप्सूल फर्जी प्रपत्रों पर बेची थी। इससे पूर्व में फार्मा कंपनी का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है। जलालपुर-जफराबाद स्थित न्यू अब्बास फार्मा फर्म का संचालन नसीम हैदर करता था। न्यू अब्बास फार्मा ने 21 अप्रैल 2024 से 22 फरवरी 2025 के बीच कोडिवा 100 मिली और प्रॉक्सोविन स्पास कैप जैसी कोडीन युक्त दवाइयों की भारी मात्रा खरीदी थी। इसके बाद इनके विक्रय का अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया था। 25 अक्तूबर 2025 को औषधि निरीक्षक की ओर से इनसे अभिलेख मांगे गए थे। 29 अक्तूबर को फर्म संचालक की ओर से विक्रय अभिलेख प्रस्तुत किए गए। इसमें अंबेडकरनगर के अलावा आजमगढ़ और सुल्तानपुर के 70 से ज्यादा मेडिकल स्टोर्स को बिक्री करने का ब्योरा शामिल था। औषधि निरीक्षक की जांच में मेडिकल स्टोर संचालकों ने शपथ पत्र देकर खरीद न करने की बात कही थी। इस मामले में संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ फार्मा कंपनी का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था। एसएचओ संतोष कुमार सिंह और उनकी टीम ने बृहस्पतिवार को जीजीआईसी के पास से नसीम को गिरफ्तार किया है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरई चौकी के प्रभारी सत्यपाल सिंह ने वारंटी को गिरफ्तार किया

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह के निर्देश पर वारंटी पकड़ो अभियान चलाया गया



जिसमें सुरई चौकी के प्रभारी सत्यपाल सिंह हमराही सिपाही अनिल कुमार ने एक वारंटी को पकड़ कर गिरफ्तार किया है पकड़े बारंटी का नाम मुन्ना पुत्र घनश्याम कुशवाहा निवासी मोहल्ला गोखले नगर कस्बा कोंच है जिसके विरुद्ध न्यायालय जे एम कोंच से अपराध संख्या 139/02 धारा 323/504/506/324 आईपीसी मैं बारंट जारी किया गया था

### गांधी नगर में तीन सो मीटर सीसी रोड निर्माण को लेकर भूमि पूजन हुआ, चौबीस लाख रुपया से बनेगी सड़क

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ कोंच(जालौन) आज नगर के मोहल्ला गांधी नगर वार्ड एक में इलाके के सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा का प्रयास सफल रहा उन्होंने बोर्ड



बैठक में अपने वार्ड में सागर चौकी से लेकर मलंगा नाला तक सीसी रोड के लिये बोर्ड बैठक प्रस्ताव दिया था आज उस प्रस्ताव हेतु तीन सो मीटर की सड़क के निर्माण का आज भूमि पूजन कार्य क्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में विधायक मूलचंद्र निरंजन चेयरमैन प्रदीप गुप्ता और वार्ड सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सभासद अनिल वर्मा सभासद रविकांत कुशवाहा सभासद विनोद सोनी सुनील कांत तिवारी ठेकेदार आनंद सकेरे ओपी कुशवाहा आदि लोग मौजूद थे इस सीसी निर्माण कार्य एट की रक्त दांतिका फर्म द्वारा किया जा रहा है और यह सड़क चौबीस लाख रुपए से बनाई जायेगी

### बागीश्वरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता ने सम्मान किया

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) नगर की सबसे बड़ी साहित्यिक संस्था बागीश्वरी साहित्य परिषद की नियमित मासिक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह गौतम जी त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि गहोई सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद सकेरे नवोदित कवि रुचिर नायक को परिषद के अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता, संतोष तिवारी सरल मुन्नालाल अग्रवाल नंदराम भावुक राजेश चंद गोस्वामी मनोहर शिक्षक रामशंकर छानी द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. गोष्ठी के दौरान सेंट्रल बैंक के मैनेजर सुनील कुमार गुप्ता आदि को संस्था का स्मृति चिन्ह माँ सरस्वती की सुंदर प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया मुख्य अतिथि गौतम जी त्रिपाठी ने अपने सरगर्भित उद्बोधन में कवियों के देश, समाज, वेद, उपनिषद एवं धर्म में योगदान के बारे में बड़ी बारीकी से बताया एवं संस्था के नियमित आयो जन की आयोजन की बहुत तारीफ की गोष्ठी में नरेंद्र मित्र वैदेही शरण संतोष तिवारी आशाराम मिश्रा राजेश गोस्वामी नंदराम, मनोहर निरंजन किशनपुरा शिक्षक राम शंकर छानी शंभू पटेल ने काव्य पाठ किया

### हवा का रुख बदला...बढ़ेगी गलन, पश्चिमी विक्षोभ हुआ सक्रिय; इन जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

यूपी में गलन भरी पछुआ हवाओं से ठंड का दायरा बढ़ गया। कोहरे से दृश्यता घट गई है। धुंध और कोहरे से कुशीनगर, बहराइच में दृश्यता 50 मीटर से नीचे रही।यूपी में आज से एक बार फिर हवा का रुख बदलने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश में पूर्वा हवाएं चलेंगी। इसके असर से अगले तीन दिनों में प्रदेश भर में रात के पारे में तीन से चार डिग्री की बढ़त की संभावना है। इस दौरान हवा में ठंड और गलन तो बरकरार रहेगी। लेकिन, जहां रात का पारा सामान्य से काफी नीचे है, वहां तापमान सामान्य ये इससे ज्यादा दर्ज हो सकता है।दृश्यता 50 मीटर दर्ज हुई इसके साथ ही तराई इलाकों के कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर जैसे दस जिलों में घने से अत्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# थाना गिलौला व थाना सोनवा क्षेत्र अंतर्गत हुई चोरी का सफल अनावरण

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देशन में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही मे थानाध्यक्ष आशीष कुमार मय पुलिस टीम थाना गिलौला अन्तर्गत लक्ष्मणनगर गिलौला लिंक मार्ग पर चेतियामुरार पुलिया के पास चोरों से मुड़भेड़ हुई जिसमें चोरो द्वारा पुलिस पर जान लेवा हमला करते हुए फायरिंग की गयी, जवाबी कार्यवाही अभियुक्त रोशन लाल पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम देवानपुरवा दा0 दिगिशपुरवा थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच के दाहिने पैर में गोली लगी तथा अभियुक्त शिव कुमार उर्फ सुखी पुत्र बुधराम नि0 ग्राम खरगौरा बनकटी थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में शटर तोड़कर हुई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया तथा उपरोक्त घटनाओं से संबन्धित चोरी गये जेवरात व रूपये बरामद हुए हैं नियमानुसार गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 297/2025 धारा 109, 352,351(3),313 बी.एन. एनस व 3/25 आयुध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण पेशेवर चोर हैं जिनके विरुद्ध थाना सोनवा विशेश्व रगंज, पयागपुर, थाना छपिया जनपद गोंडा तथा बलरामपुर में दर्जनों मुकदमें पंजीकृत है। थाना गिलौला क्षेत्र में 18 नवंबर 2025 की रात्रि राजकुमार मिश्रा पुत्र स्व: शीतल प्रसाद मिश्रा नि0 मोहम्मदापुर थाना मिलीला की मौहम्मदापुर मोड़ बाईपास के निकट दुकान का शटर तोड़कर एक लाख तीस हजार रुपये नगदी व दुकान में रखी चेक बुक व अन्य अभिलेख चोरी करने के संबन्ध में मु0अ0सं0 279/25 धारा 331 (4), 305 (क) बी. एन.एस थाना मिलीला जनपद श्रावस्ती पंजीकृत किया गया था घटना का त्वरित अनावरण करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अलग-अलग पुलिस व एसओजी टीम गठित की गई थी। जिनके द्वारा माल व अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी जिसके क्रम आशीष कुमार मय पुलिस टीम के द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण किया गया तथा नियमानुसार गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 297/2025 धारा 109. 352, 351(3),313 बी.एन.एस व 3/25 आयुध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।



# मामूली कहासुनी दो पक्षों में पथराव एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच/ पूरनपुर-पीलीभीत। मामूली कहासुनी ने लिया गंभीर रूप दो पक्षों में हुआ पथराव एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा में बुधवार को मामूली कहासुनी होने पर जमकर हुआ पथराव कई घायल।पड़ोसी दीनदयाल और ममता देवी के बीच हुए विवाद ने दोनों पक्षों आमने-सामने हो गए मामला इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों के साथ-साथ धारदार हथियार भी चले जिससे दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए।सूत्रों के अनुसार, विवाद के दौरान दीनदयाल,शंकर और सत्यवती देवी गंभीर रूप से चोटिल हो गए जबकि दूसरे पक्ष की ममता देवी,रामदुलारे और छोटेलाल भी घायल बताए गए हैं। आरोप है कि संघर्ष के दौरान घर का बिजली मीटर और अन्य सामान तोड़फोड़ दिया गया।जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों के बीच मामला शांत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई घायल दोनों पक्षों को थाने लाकर उनका मेडिकल परीक्षण करवाया गया। पुलिस ने दोनों तरफ से एक दर्जन लोगों पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डिग्री कॉलेज में मनाया गया विश्व मानवाधिकार दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच/ बीसलपुर-पीलीभीत। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस व सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन किया गया जो दो भागों में संपन्न हुआ। प्रथम भाग में मानवाधिकार दिवस का संचालन डॉ जगदंबा कुमार द्वारा किया गया इस कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका मेहरा व मुख्य अतिथि मुंसफ कोर्ट के एडवोकेट यज्ञदेव गंगवार के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ विकास प्रधान, डॉ रोहित पटेल, डॉ पूर्णिमा भारद्वाज, डॉ चंद्रप्रभा व कार्यालय अधीक्षक दिनेश बाथम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें अनुष्का भारती प्रथम अदिति गुप्ता द्वितीय व यशपाल तृतीय स्थान पर रहे। डॉ विकास प्रधान और मुख्य अतिथि के द्वारा मानवाधिकार के बारे में व्यापक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन जिला नोडल अधिकारी डॉ पूर्णिमा भारद्वाज व सह नोडल अधिकारी डॉ रोहित पटेल व डॉ जगदंबा कुमार द्वारा किया गया। जिसके अन्तर्गत क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अदिति गुप्ता प्रथम, अंजली द्वितीय तथा अर्पित गौरव व पलक गंगवार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार के समस्त कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय में परीक्षा होने के पश्चात भी बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व एनसीसी कैडिट उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### शराब भट्टी के पीछे तालाब में युवक के शव मिलने से फैली सनसनी

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत कंजड़वा मोहल्ला स्थित शराब भट्टी के पीछे तालाब में एक व्यक्ति का शव पाए जाने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँच कर स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया गया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा मृतक की पहचान अप्पू नाम के व्यक्ति के रूप में की। मौकेपर फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कि गई है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू की।

### साइबर क्राइम पुलिस श्रावस्ती द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस टीमक् प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, निरीक्षक चन्द्रहास मिश्रा, आरक्षी रामेन्द्र वर्मा तथा आरक्षी अंकित सिंह द्वारा राजकीय हाई स्कूल जोगनी में साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 व्यक्तियों जिनमें ग्रामीण, आमजन तथा छात्र-छात्राएँ शामिल रहे, को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साइबर टीम द्वारा-ए.टी.एम. सुरक्षा, ए.टी.एम. कार्ड का प्रयोग करते समय अनजान व्यक्तियों की मदद लेने से बचने। अपना ए.टी.एम. पिन छिपाकर डालने और किसी से साझा न करने आदि बिंदुओं पर जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, आमजन को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा शिकायत दर्ज करने हेतु आधिकारिक वेबसाइट www.Cyber Crime. gov.in की जानकारी भी दी गई।



### युवक को धारदार हथियार से किया घायल

क्यूँ न लिखूँ सच/ बीसलपुर-पीलीभीत। पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर धारदार हथियार से युवक को घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रोहनिया निवासी रामपाल पुत्र निरंजन लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके गांव निवासी श्रीकृष्ण, संतोष व अवधेश उसके घर में बांका लेकर घुस आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए बांका से प्रहार कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने श्रीकृष्ण, संतोष व अवधेश निवासी ग्राम रोहनिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिली थी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्काउट गाइड शिविर का समापन

क्यूँ न लिखूँ सच/ बीसलपुर-पीलीभीत। छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज जोगीढेर में चल रहा स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ योगेश कुमार गंगवार ने अंतिम दिन शिवर का समापन करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज व राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए अनुशासित होना आवश्यक है। किसी भी कार्य को करने के लिए आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है। प्रशिक्षक शालिनी पांडे ने छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड के नियमों व इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को दिशाओंका ज्ञान, ताली बजाना, प्राथमिक चिकित्सा, बिना बर्तनों के भोजन पकाने, टेंट निर्माण आदि जानकारियां दीं। शिविर में विद्यार्थियों ने टेंट सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल के शकील सुनील, अनुपम, अमित, मोनिका आदि ने अपना योगदान दिया। समापन पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में विद्यालय के सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बिहारपुर क्षेत्र में किसानों की बड़ी समस्या: 'तूंहर टोकन' सर्वर फेल, घंटों इंतजार के बाद भी नहीं कट पा रहा टोकन

क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर /जिले के चांदनी-बिहारपुर पहाड़ी अंचल में धान खरीदी के लिए किसानों को जारी होने वाला 'तूंहर टोकन' किसानों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। क्षेत्र के किसान रोज सुबह 8 बजे से मोबाइल लेकर लाइन में खड़े हो जाते हैं, ताकि समय पर टोकन मिल सके, लेकिन सर्वर की लगातार समस्या के कारण घंटों इंतजार के बाद भी टोकन नहीं कट पा रहा है। किसानों का कहना है कि जैसे ही टोकन कटने की प्रक्रिया शुरू करते हैं, ऐप लगातार कृपया प्रतीक्षा करेंज्, सर्वर बिज़ी जैसे संदेश दिखाता रहता है। कई बार ऐप खुलता भी नहीं और थोड़ी देर बाद कोटा कंप्लीट का संदेश दिखाकर प्रक्रिया बंद हो जाती है। किसान बताते हैं कि वे कई दिनों से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक टोकन नहीं निकल पाया है। चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र पहाड़ी इलाका होने के कारण यहां नेटवर्क की समस्या पहले से ही आम बात है। उसी पर ऑनलाइन टोकन सिस्टम के सर्वर के व्यस्त रहने से किसानों की परेशानी दोगुनी हो गई है। कई किसान कहते हैं कि धान तैयार है, घर में जगह नहीं है, लेकिन टोकन नहीं मिलने से बेच नहीं पा रहे। इससे उनके मन में चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ रही है। किसानों का स्पष्ट कहना है कि यदि प्रशासन को ऑनलाइन में समस्या आती है, तो धान खरीदी केंद्रों में ही टोकन वितरण की व्यवस्था शुरू की जाए। किसानों ने जिला प्रशासन और खाद्य विभाग से मांग की है कि टोकन सिस्टम में सुधार किया जाए, सर्वर की क्षमता बढ़ाई जाए और नेटवर्क कमजोर क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि किसान समय पर धान बेच सकें। किसानों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं मिला तो उनकी मेहनत की फसल भी प्रभावित होगी और खरीदी में अनावश्यक देरी होती रहेगी।



# महुली उप स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से स्टाफ की कमी—प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा अब तक अधूरा, ग्रामीण परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर / जिले के बिहारपुर क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण महुली उप स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सुर्खियों में है। लगभग दर्जनों गांवों की आबादी इस केंद्र पर निर्भर है, लेकिन पिछले एक वर्ष से यहां स्टाफ की भारी कमी है। गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी सेवाएं बंद हैं, OPD नियमित नहीं चल पा रहा और ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में भटकना पड़ रहा है। 2 साल पहले जिला प्रशासन ने दिया था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आश्वासन-अब तक अधूरा पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन व जिला प्रशासन द्वारा महुली को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) बनाने का आश्वासन दिया गया था। बताया गया था कि प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी क्काष्ट का दर्जा महुली को नहीं मिल सका। इससे ग्रामीणों में गहरा असंतोष है क्योंकि PHC बनने से यहां डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्नीशियन, डिलीवरी रूम, दवाएं और 24म7 सेवाएं उपलब्ध हो सकती थीं। इलाज के लिए 15 किमी दूर बिहारपुर जाना ग्रामीणों की मजबूरी महुली केंद्र में उपचार न मिलने के कारण मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिहारपुर, जो लगभग 15 किलोमीटर दूर है, वहां जाना पड़ता है। बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्गों के लिए यह दूरी बेहद कठिन साबित हो रही है। कई बार मरीजों की हालत बिगड़ जाती है क्योंकि उन्हें समय पर प्राथमिक इलाज नहीं मिल पाता। एंबुलेंस देरी और नेटवर्क की समस्या-जीवन खतरे में ग्रामीणों का कहना है कि एंबुलेंस सेवा के लिए फोन करने पर भी कई बार समय पर वाहन उपलब्ध नहीं होता। महुली क्षेत्र सीमावर्ती और पहाड़ी इलाका होने के कारण कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क ही नहीं है। एंबुलेंस कॉल न कर पाने की वजह से कई मरीजों को गंभीर स्थिति में घंटों इंतजार करना पड़ता है। सीमावर्ती क्षेत्र-मरीज मजबूर होकर मध्य प्रदेश के सिंगरौली जाते हैं महुली छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश सीमा के पास स्थित है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कई ग्रामीण सिंगरौली बैढ़न (मध्यप्रदेश) के निजी या सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं, जिससे अतिरिक्त खर्च परिवहन की परेशानी समय की बर्बादी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जितेन्द्र साकेत ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन-तत्काल स्टाफ भेजने की मांग युवा कांग्रेस बिहारपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र साकेत ने स्टाफ की कमी से परेशान ग्रामीणों की ओर से कलेक्टर सूरजपुर को आवेदन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि- महुली उप स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल नर्स, हरू ड्रेसर, कम्पाउंडर और अन्य आवश्यक स्टाफ भेजा जाए। केंद्र को जल्द से जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) का दर्जा दिया जाए। एंबुलेंस की उपलब्धता और नेटवर्क समस्या का समाधान किया जाए ताकि आपातकालीन सेवा बाधित न हो। जितेन्द्र साकेत ने कहा- महुली जैसे दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीणों का अधिकार है। क्काष्ट का दर्जा और स्टाफ की नियुक्ति तत्काल आवश्यक है, ताकि गर्भवती महिलाएं और गंभीर मरीज समय पर उपचार पा सकें। ग्रामीणों की उम्मीद-अब प्रशासन उठाए ठोस कदम महुली व आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर जल्द समस्या का समाधान करेगा और वर्षों से अधूरा पड़ा क्काष्ट का सपना साकार होगा।



# Pizza lovers are in luck! A nutritionist reveals 5 golden rules for eating pizza that won't make you gain weight.

Do you crave that one slice of pizza, but fear it will ruin all your hard work? Rejoice, because pizza night will no longer stand in the way of your fitness goals. Yes, you don't need to suppress your cravings to enjoy pizza; you just need to be a little smart. Nutritionist Heena Trivedi shares five ways to do this. Start your meal with green vegetable juice - protein intake with pizza is essential. A 10-15 minute walk after eating is essential. Does the mention of pizza make your mouth water, but you suppress your cravings for fear of breaking your diet? If so, then you need to crave it no more. In fact, pizza night doesn't mean that all your fitness efforts will go to waste. Nutritionist Heena Trivedi says the real secret lies not in giving up pizza, but in a smarter way of eating it. In this article, let's explore five golden rules that can help you enjoy your favorite slice without any stress or guilt. Start with greens - Before tackling pizza, start your meal with a bowl of salad or a glass of green vegetable juice. This provides your body with fiber and essential nutrients first. The biggest benefit is that it fills you up a bit, preventing you from overeating. This is a great way to control portions. Don't forget protein - Always include a source of protein with your pizza. You can have grilled chicken on the side, a lentil salad, or even top your pizza with chickpeas. Eating protein helps fill you up quickly and provides satisfaction. It also helps balance your blood sugar and keeps you full longer. Say "no" to extra carbs - Restaurants often offer a free bread basket or French fries on the side with pizza. Refuse these, because when you focus solely on the pizza instead of unnecessary items, you'll avoid the calorie overload from other refined carbs. Focus on quality over quantity and enjoy pizza exclusively at pizza time. A short walk after a meal is essential - Just a 10- to 15-minute walk after a meal can do wonders. It improves your digestion and helps manage blood sugar levels. Yes, a little movement after a meal helps the body digest food better. Skip the sweets, enjoy the main meal - Remember, your treat today is pizza. So, avoid the idea of ??having something sweet after your pizza. By doing so, you can completely avoid the calorie and sugar rush. This will allow you to fully enjoy your pizza without any regrets.




# Can't you freshen up without tea or coffee? Experts explain what this indicates.

Are you among those who believe they can't clear their bowels without a cup of hot coffee or tea? Do you need the "pressure" of caffeine to go to the bathroom? If so, this isn't just a morning habit, but a major warning from your body. Let's find out how. Inability to freshen up without tea or coffee is a problem. Intestinal muscles may be weakened, leading to water deficiency and dehydration. Are you one of those people whose day doesn't begin until they have tea or coffee? Do you think it's necessary to rely on caffeine to go to the bathroom? If so, according to nutritionist Heena Trivedi, this habit could be a sign of chronic constipation. It may sound normal, but this condition is a warning sign for your digestive system. Let's explore the effects of this habit on your body. Ignoring body signals - If you rely on tea or coffee for bowel movements for a long time, your intestinal muscles may weaken over time. As a result, your body stops recognizing its natural signals. This means you won't feel the urge to go to the bathroom without coffee. Risk of dehydration and dehydration - After a night's sleep, our bodies become dehydrated. Therefore, starting the day with coffee directly can worsen dehydration. Coffee has an osmotic laxative effect, drawing water from other parts of the body into the intestines. While this may provide immediate relief, it dehydrates the rest of the body. This can harden stools and worsen constipation. The downsides of this habit are serious: If you suddenly stop drinking coffee, you may not be able to empty your bowels or develop very hard stools. Furthermore, if you have ulcers or chronic gastritis (stomach inflammation), avoiding morning coffee is crucial. What's the right solution? Tea and coffee can only provide temporary relief, but to improve your digestive health, you need to address the root cause. If you're experiencing these symptoms, try these steps: Dietary changes: Increase the fiber content of your diet. Eat whole grains, fruits, vegetables, and legumes. Aim for about 25 to 30 grams of fiber a day. Drink plenty of water: Drink plenty of water throughout the day. Try to drink at least 8 glasses of water a day to stay hydrated. Remember, giving up tea and coffee and making your body healthy naturally is beneficial in the long run.




# Does eating eggs increase the risk of cancer? A well-known brand failed a lab test, read a doctor's opinion.

A news story has created a stir on social media these days: "Can eating eggs cause cancer?" This question arose when a popular YouTube channel claimed that banned and dangerous chemicals were found in a well-known brand of eggs. Dr. Manan Vora, an orthopedic surgeon in Mumbai, expressed deep concern over this revelation and explained the details in a video. Nitrofuran and nitroimidazole chemicals found in eggs have the potential to alter DNA - Doctor questions FSSAI standards. Imagine if the "healthy" eggs you eat daily to improve your health could become the cause of a life-threatening disease like cancer? A viral news story on social media has everyone worried. It is being claimed that certain brands of eggs available in the market contain dangerous chemicals that can directly attack your DNA. Mumbai-based orthopedic surgeon Dr. Manan Vora was stunned by this report. The biggest reason for his surprise was that he himself consumed eggs from this brand. After hearing about the danger in his own plate, Dr. Vora released a video to highlight the truth and seriousness of the matter. Imagine if the "healthy" eggs you eat every day to improve your health become the cause of a life-threatening disease like cancer? A news going viral on social media has frightened everyone these days. It is being claimed that certain brands of eggs available in the market contain dangerous chemicals that can directly attack your DNA. Mumbai-based orthopedic surgeon Dr. Manan Vora was stunned by this report. The biggest reason for his surprise was that he himself consumed eggs from this brand. After hearing about the danger in his own plate, Dr. Vora released a video highlighting the truth and severity of the matter. Following the controversy, the brand issued a statement on Instagram on December 9th, assuring its consumers that its eggs are safe. However, Dr. Vora believes that both the brand and FSSAI should provide a clear answer. He praised independent auditing agencies for exposing the truth behind big brands.



